एक नजर में

दिव्यांग दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर नजर बाग प्रांगण टीकमगढ़ में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनीता गोयल द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सामान्यजन, दिव्यांगजन को बताया कि अंतराष्ट्रीय विकलांग दिवस प्रतिवर्ष 3 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन दिव्यांगजन के अधिकारों की वकालत करने और सभी के लिए सम्मान अवसर पैदा करने की वैश्विक प्रतिबद्धता की याद दिलाता है। समावेशी और टिका भविष्य के लिए विकलांग व्यक्तियों के नेतृत्व को बढ़ाना है। अंतराष्ट्रीय विकलांग दिवस जीवन और कार्यस्थल में समावेश के महत्व को बढ़ावा देने के लिए दृश्य और अदृश्य विकलांगताओं को मान्यता देता है। जिला विधिक सहायता अधिकारी, अनुज कुमार चंसौरिया ने उपस्थित सामान्यजन को संबोधित किया।

बिजली लाइन सुधार रहे युवक की करंट से मौत

कई घंटों खंभे पर लटका रहा मृतक का शव

ग्रामीणों ने छतरपुर मार्ग बाधित कर लगाया जाम

नवभारत न्यूज,टीकमगढ।

बिजली लाइन सुधारने के लिए पोल पर चढ़ा युवक करंट की चपेट में आने से जिंदा जल गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद एक बड़ी लापरवाही निकलकर सामने आई है। जिसमें मृतक का शव कई घंटों तक बिजली के खंभे पर लटका रहा । गुस्साए ग्रामीणों ने बल्देवगढ़ क्षेत्र के ग्राम डुड़ियन खेरा गांव के मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। मामले की जानकारी लगते ही एसडीओपी राहुल कटरे मौके पर पहुंचे और उन्होंने लोगों को समझाईश दी तब कही जाकर जाम खोला गया। पुलिस ने मृतक की पहचान मोहन अहिरवार निवासी टपरियन डुड़ियन खेरा के रूप में करते हुए शव का पीएम कराकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। लापरवाही यह है कि घटना के करीब छह घंटे तक शव बिजली के तारों पर लटका रहा था। घटना गुरुवार सुबह करीब 9 बजे जिले से 40 किमी दूर डुड़ियन खेरा गांव की है।

दरअसल गुरूवार को हादसे से गुस्सा ग्रामीणों ने टीकमगढ़-छतरपुर रोड पर चक्काजाम कर दिया जो कई घंटों तक जारी रहा। गांव वालों का आरोप था कि हादसा लाइनमैन की लापरवाही के कारण हुआ है। विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही बल्देवगढ़ तहसीलदार अनिल गुप्ता और थाना प्रभारी प्रीति भार्गव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। तहसीलदार ने बताया कि लाइनमैन पर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है। इसके अलावा नौकरी संबंधित प्रपोजल बनाकर शासन को भेजा जाएगा। इसके बाद लोगों ने प्रदर्शन खत्म कर दिया। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजय अहिरवार के मुताबिक टीकमगढ़ जिले के डुडियन खेरा गांव में लाइनमैन हरिदास अहिरवार ने अपनी मदद के लिए प्राइवेट तौर पर मोहन अहिरवार को साथ रखा था। सुबह करीब 9 बजे लाइनमैन के कहने पर मोहन बिजली सुधारने के लिए खंभे पर चढ़ा था कि अचानक सप्लाई चालू हो गई। तेज करंट लगने से मोहन अहिरवार जिंदा जल गया। बल्देवगढ़ तहसीलदार डॉ. अनिल गुप्ता ने बताया कि मृतक टपरियन गांव का रहने वाला था। उसके परिवार में बड़ा भाई सरमन अहिरवार है। वह किसानी का काम करता है। मोहन अपनी मां, पत्नी, दो बेटियां और दो बेटों के साथ रहता था। ग्रामीणों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग की। इस पर तहसीलदार अनिल गुप्ता ने कहा कि बिजली कंपनी का कोई आने को तैयार नहीं है। आप लोग जानते हैं। आपसे कोई घटना घट जाए तो आप भी मौके पर नहीं जाओगे। लोगों ने मृतक के परिवार को सरकारी नौकरी की मांग की।

इस पर तहसीलदार ने कहा कि नौकरी विभाग देता है ।यह बिजली कंपनी का मामला है। उनके अधिकारियों से बात करेंगे। सहयोग में अगर एक नौकरी दे सकते हैं तो देना चाहिए। जूनियर इंजीनियर जितेंद्र जाटव के मुताबिक खंभे पर चढ़ा युवक कंपनी का कर्मचारी नहीं है। वह गांव का ही रहने वाला है। यह भी जांच का विषय है कि लाइनमैन के कहने पर चढ़ा या खुद से ही चढ़ा है। फि लहाल लाइनमैन पुलिस कस्टडी में है।

युवक के पास नहीं थे सुरक्षा के इंतजाम

भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष संजय अहिरवार ने बताया कि युवक के पास कोई भी सुरक्षा के इंतजाम नहीं थे। लाइनमैन भी मौके पर था। दरअसल लाइनमैन गांव के एक-दो लोगों को हेल्पर के तौर पर रख लेते हैं। खराबी आने पर उन्हें खंभे पर भी चढ़ा देते हैं। उन्हें 200 से 300 रुपए भी देते हैं। मोहन अहिरवार भी ऐसा ही व्यक्ति था। ऐसे में लाइनमैन लोगों की जिंदगी को दांव पर लगाकर काम कराते हैं। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष ने इस मामले में दोषी लाइनमैन पर कार्यवाही की मांग की है। जिससे आगे ऐसे मामले सामने ना आ सके।

देश में बढ़ता भ्रष्टाचार बड़ी चुनौती : उमा

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

देश में बढ़ता भ्रष्टाचार एक बड़ी चुनौती बन चुका है। यह बात मीडिया से रूबरू होते हुए प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कही।

दरअसल बीते कई दिनों से प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती जिले के प्रवास पर है। उन्होंने बढ़ते भ्रष्टाचार को लेकर कहा कि देश के प्रधानमंत्री आतंकवाद, नक्सलवाद एवं पकिस्तान से लड़ रहे है लेकिन भ्रष्टाचार इतनी गहरी जड़े जमा चुहा है यह एक बड़ी चुनौती है। इसको उखाड़ने के लिए लंबा उदाहरण देना होगा। उन्होनें कहा कि जब प्रदेश में दिग्विजय सिंह मुख्यमंत्री थे तब वह कलाम साहब के साथ एक हवाई यात्रा कर रही थी उस समय कलाम साहब ने उनसे कहा था कि उन्होनें बच्चों के भाषण में बोला था कि आप अपने मां-बाप से कहिए कि वह ईमानदारी का बर्ताव करें। तब उमा भारती ने कहा कि बच्चों के कारण भ्रष्टाचार करना पड़ता है क्योकि उन्हें अच्छे स्कूल में पढाने के लिए भ्रष्टाचार करना पड़ता है। अगर हम सब साधारण जिंदगी जीने लगे तो शायद भ्रष्टाचार कम हो जाए।

इसके साथ ही उन्होंने मध्यप्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी सबाल खड़े किए उन्होंने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था बैहद खराब है इसको सुधार ने की सख्त आवश्यकता इस समय महशूस हो रही है।

खाद बोरी लूटने का वीडियो आया सामने

नवभारत न्यूज जतारा।

गुरुवार को जतारा में किसानों द्वारा यूरिया खाद से भरे एक ट्रक से बोरियां लूटने का मामला सामने आया है। यह मामला कृषि उपज मंडी परिसर जतारा का बताया जा रहा है जहां किसानों ने लगभग 40.50 बोरी यूरिया खाद लूटी। खाद की बोरियां लूटने का वीडियो भी सामने आ चुका है।

जानकारी के अनुसार किसानों को बांटने के लिए यूरिया से भरे दो ट्रक मंडी परिसर में आए थे। किसान लंबे समय से यूरिया के लिए भटक रहे थे जिसके कारण वहां भारी भीड़ जमा हो गई। भीड़ में से कुछ लोगों ने जबरन ट्रक से यूरिया की बोरियां उठा लीं। इस दौरान अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जिसमें कुछ महिलाएं और लड़कियां भी दिखाई दे रही हैं। पता चला है कि किसान एक पखवाड़े से यूरिया के लिए परेशान हैं। हर दिन सोसायटी और वितरण केंद्र पर सैकड़ों की संख्या में किसान खाद लेने पहुंच रहे हैं। ऐसे में जब यूरिया से भरे 2 ट्रक पहुंचे तो भीड़ में शामिल कुछ लोग खुद बोरियां उठाकर ले गए। जिससे मौके पर अफरा तफ री का माहौल बन गया। हालांकि की बाद में स्थिति संभाल गई। इस मामले की शिकायत कृषि उपज मंडी के प्रबंधक रामकुमार सोनी ने जतारा थाने में दर्ज कराई है।

आपका अधिकार के तहत चल रहा अभियान

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जिले की अलग-अलग बैंक में खोले गये 45420 खातों में 10 साल से कोई लेन-देन नहीं हुआ है। इसी कारण रिजर्व बैंक ने इनमें जमा लगभग 13.35 करोड़ रुपए की राशि को अनक्लेम्ड मानकर होल्ड कर ली है। अब ऐसी जमा राशि को वापस करने के लिये आरबीआई आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान चल रहा है। बैंक अपने स्तर पर शिविर लगा रही है।

इसीक्रम में लीड बैंक प्रबंधक कैलाश नारायण आर्य के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट परिसर में 5 दिसम्बर को प्रात: 11 से 12:30 बजे तक लीड बैंक कार्यालय लीड बैंक द्वारा शिविर किया जा रहा है। जिन खातेदारों के मोबाईल नंबर खाते से लिंक है, उन्हें मैसेज भेजे जा रहे है। जिन खातों में मोबाईल नहीं लिखे है, उनसे जुड़े लोगों को सूचना बैंक भेज रही है। बैंक से मैसेज, सूचना न मिलने पर खातेदार सीधे बैंक में संपर्क कर सकते हैं। भारत सरकर के वित्तीय सेवाएं विभाग वित्त मंत्रालय ने दिसम्बर तक सभी जिलों में बैंकों को शिविर लगाने के लिये कहा है। शिविर बैंकों में निष्क्रिय खातों में जमा ऐसा धन अनक्लेम्ड जो किन्ही कारणवश निकाल नहीं पाया है को वापस दिलाने के लिए लग रहे हैं। शिविर में 10 साल से निष्क्रिय खाते में जमा राशि जो राष्ट्रीयकृत हो चुकी है उसके लिये संबंधित व्यक्ति दावा कर सकते है। इसमे शिविर में मौजूद अधिकारी मदद करेंगे। इसके लिये ईकेवाईसी, पैन, आधार, निवास प्रमाण पत्र और साथ में एक फोटो लेकर आना होगा।

यातायात सुदृढ़ बनाने चलाई चेकिंग मुहिम

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

सड़क सुरक्षा को व्यापक जनभागीदारी का रूप देने और यातायात अनुशासन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से टीकमगढ़ पुलिस द्वारा पूरे जिले में विशेष वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया।

पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार के निर्देशन में यह अभियान शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सक्रिय रूप से चलाया गया। पुलिस टीमों ने मुख्य मार्गों, चौकों तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहनों की गहन जांच करते हुए नागरिकों को हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों के अनिवार्य पालन के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को जिले की सीमाओं पर सतत निगरानी रखने तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए वाहनों की कठोर चेकिंग करने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह तथा एसडीओपी टीकमगढ जतारा के पर्यवेक्षण में कुल 406 वाहनों की जांच की गई जिनमें से 53 वाहनों पर 16.400 के चालान जारी किए गए। अभियान के दौरान वाहन चालकों एवं नागरिकों से अपील की गई कि यातायात नियमों का पालन केवल दंड से बचने का माध्यम नहीं बल्कि स्वयं एवं अन्य लोगों की सुरक्षा का अनिवार्य सिद्धांत है।

8 तक होंगे मत्स्य संपदा के आवेदन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

सहायक संचालक मत्स्योद्योग मेघा गुप्ता द्वारा जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समस्त गतिविधियों हेतु सभी वर्ग के आवेदकों से आवेदन आंमत्रित किये गये है। योजना का कियान्वयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा।

जिले के पात्र इच्छुक आवेदक आगामी 8 दिसंबर को शाम 5 बजे तक अपने आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों सहित कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला टीकमगढ़ मे जमा कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन मान्य नही होगें। योजना की बिस्तृत जानकारी कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला टीकमगढ़ से प्राप्त की जा सकती है।

देहदानी को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

एक 82 वर्षीय देहदानी रघुवीर प्रसाद खरे को गार्ड ऑफ आनर दिया गया। उनके पार्थिव शरीर को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर भेजा जा चुका है। जहां उन्होंने मरणोपरांत देहदान किया था। इससे पहले भी दो लोग अपना देहदान कर चुके है।

सागर मार्ग पर स्थित बड़ागांव धसान निवासी रघुवीर प्रसाद खरे का देहावसान हो गया। उन्होंने 29 जनवरी को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर में अपना देहदान संकल्पित किया था। उनके देहावसान की सूचना मिलते ही नगर के लोग अंतिम दर्शन के लिए एकत्र हो गए। प्रशासन को सूचित किया गया जिसके बाद तहसीलदार और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया ।इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को एक शासकीय वाहन से

बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर के लिए रवाना किया गया। नगर के लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी। डॉ प्रशांत जैन ने इस अवसर पर कहा कि देहदान महादान है। उन्होंने बताया कि रघुवीर प्रसाद खरे का शरीर जीवनकाल में लोगों के काम आया और अब मरणोपरांत भी चिकित्सा अनुसंधान और डॉक्टरों के प्रशिक्षण में सहायक होगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले टीकमगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हरि विष्णु अवस्थी ने भी देहदान किया था जिनका पार्थिव शरीर दतिया मेडिकल कॉलेज भेजा गया था ।एक 82 वर्षीय देहदानी रघुवीर प्रसाद खरे को गार्ड ऑफऑनर दिया गया। उनके पार्थिव शरीर को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर भेजा जा चुका है।

जल संचय के लिए परिषद ने बनाया बोरी बंधान

कार्यक्रम में जन कल्याण समिति ने किया सहयोग

जनपद सदस्य सुमन यादव रहीं मुख्य अतिथि

नवभारत,न्यूज खरगापुर।

जल संचय बोरी बंधान अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बल्देवगढ़ के सेक्टर हटा के ग्राम देवरदा में कुजान नदी पर बोरी बंधान का कार्य नवांकुर संस्था जन संकल्प जन कल्याण समिति के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जनपद सदस्य सुमन यादव उपस्थित रहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक दिनेश उमरैया ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला समन्वयक डॉ.सुनील कटियार एवं ब्लॉक समन्वयक ललित शर्मा

रहे। नवांकुर संस्था से अंकु यादव, मंगल सिंह यादव, संतोष चौरसिया एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देवदा, बुदौरा, रमपुरा, भेलसी परामर्शदाता मनोज सक्सेना द्वारका प्रसाद तिवारी महेंद्र दीक्षित श्रीमती अनुपम तिवारी एवं सामाजिक संगठन के लोग एवं ग्रामीण लोग उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में संभाग समन्वयक दिनेश उमरिया के द्वारा कहा गया कि पूरे संभाग में जल संरक्षण हेतु कार्य किया जा रहा है इसको और गति देने की आवश्यकता है वहीं दूसरी ओर जिला समन्वयक डॉक्टर सुनील कटिहार ने कहा जल है तो जीवन है इसका संरक्षण करना हमारा दायित्व है ब्लॉक समन्वयक ललित शर्मा द्वारा विकासखंड बल्देवगढ़ में सभी सेक्टर में यह कार्य किया जाएगा पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन का सबसे बड़ा धर्म है इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के द्वारा श्रम दान करके जल संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक डॉ. सुनील कटियार ने कहा कि पानी है तो जीवन है। पानी के बिना जीवन संभव नहीं है। इसलिए जल संचय अभियान को ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों और सीएमसीएलडीपी छात्र और छात्राओं की सक्रिय सहभागिता से प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। संरक्षण करना हमारा सभी का दायित्व है। ब्लॉक समन्वयक ललित शर्मा द्वारा विकासखंड बल्देवगढ़ में सभी सेक्टर में यह कार्य किया रहा है। पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन का सबसे बड़ा धर्म है।

कार्यवाही ▶ **बिजली विभाग के अमले ने दिया कार्यवाही को अंजाम**

उतर प्रदेश की ओर नदी पर चल रहे विद्युत पंप किए जब्त

नवभारत न्यूज मोहनगढ़।

मोहनगढ़ क्षेत्र के गोर सब स्टेशन अंतर्गत ग्राम मालपीथा, बिहारीपुरा के पास जामनी नदी सिगयाऊ घाट क्षेत्र में बिजली चोरी के गंभीर मामले का खुलासा हुआ है। स्थानीय नागरिकों से सूचना के आधार पर विद्युत विभाग मोहनगढ़ की टीम ने पूरी सतर्कता और रणनीति के साथ मौके पर छापेमारी की कार्यवाही की। जांच में सामने आया कि उत्तर प्रदेश की ओर नदी पार से अवैध रूप से 6 पंप मोटर चलाई जा रही थीं जिनके लिए नदी के आर-पार डोरियां डालकर विद्युत आपूर्ति की जा रही थी। मौके से अवैध डोरियां जब्त कर ली गई हैं। चूँकि कुछ डोरियां उत्तर प्रदेश क्षेत्र की ओर से थीं इसलिए डोरी मालिकों की शिनाख्त की प्रक्रिया जारी है।

वहीं मध्यप्रदेश की ओर जिन किसानों द्वारा बिना वैध कनेक्शन के मोटर चलाई जा रही थीं उनकी डोरियां भी जब्त कर ली गई हैं। विद्युत विभाग अधिकारियों के अनुसार यह क्षेत्र मुख्य मार्ग से 5-6 किलोमीटर दूर जहाँ दैनिक निगरानी संभव नहीं हो पाने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित ट्रांसफॉर्मर को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि यह कार्यवाही किसी शिकायत पर नहीं बल्कि जागरूक ग्रामीण नागरिकों द्वारा दी गई सट ीक लोकेशन और सूचना के आधार पर की गई है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी इसी तरह जामिनी नदी के एमपी-यूपी सीमा क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा लगातार एक माह तक सघन अभियान चलाया गया था जिसके दौरान कुछ स्थानों पर विवाद की स्थिति बनने पर पुलिस प्रशासन ने भी सहयोग करते हुए कड़ी कार्यवाही की थी। उस अभियान के बाद इस क्षेत्र में शिकायतों में उल्लेखनीय कमी आई थी परंतु फसल के सीजन में कुछ लोगों द्वारा फि र से अवैध गतिविधियाँ शुरू किए जाने की सूचना पर विभाग एक बार फिर पूरी मुस्तैदी के साथ मैदान में उतर आया है ।विद्युत विभाग ने दो टूक शब्दों में कहा है कि बिजली चोरी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषियों की पहचान कर विधिसंगत कार्यवाही की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस सहयोग भी लिया जाएगा।

अवैध गतिविधियों की सूचना देने की अपील

मोहनगढ़ क्षेत्र के विद्युत विभाग के आला अधिकारियों ने इस काय्रवाही को लेकर बताया कि विभाग की इस तत्परता न केवल राजस्व की सुरक्षा करती है बल्कि ईमानदार उपभोक्ताओं के अधिकारों की भी रक्षा होती है। उन्होनें जनता से अपील है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल विभाग को दे ताकि क्षेत्र में सुचारु, सुरक्षित और न्यायपूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

22 को जाएगी तीर्थ दर्शन यात्रा

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मध्यप्रदेश शासन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत टीकमगढ़ जिले के तीर्थ यात्रियों को 22 दिसम्बर को रामेश्वर मुदरई यात्रा जाना प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत 60 वर्ष या अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक पात्र हितग्राही इस यात्रा में रामेश्वर मुदरई जाने हेतु अपना आवेदन पत्र 8 दिसम्बर तक संबंधित जनपद पंचायत,नगर पालिका, नगर परिषद कार्यालय में जमा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत यदि एक ही व्यक्ति द्वारा जनपद, नगर परिषद में पृथक-पृथक आवेदन किया गया है, तो आवेदन निरस्त हो सकता है।

पॉक्सो एक्ट पर आधारित कार्यशाला

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ऊदल सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में एकीकृत बाल संरक्षण सेवाओं अंतर्गत पॉक्सो एक्ट 2014 पर आधारित विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जिला बाल संरक्षण व इसके समस्त घटकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि देखरेख व संरक्षण की आवश्य कता वाले बालकों विधि-विवादित बालकों व किसी भी प्रकार की लैंगिक उत्पीडन व हिंसा से ग्रस्त बालकों को उन्मुखीकरण व बाल हित को अधिक सुबोध बनाने के आषय से इस एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विकास गुप्ता द्वारा ऐसे किसी भी प्रकार के बालक की दस्तयाबी होने पर बरती जाने वाली एहतियात व बाल मन को समझने का प्रयास करने हेतु संवेदीकरण के प्रमुख बिन्दुओं को विस्तार से समझाया गया।